भर्ती हेतु सूचना
वित्त विश्लेषक (एनवीएचसीपी)

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्लू) की ओर से पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिकाएं और दायित्वः

- राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम से संबंधित **दिन–प्रतिदिन के स्थापना एवं प्रशासनिक मामलों** का निपटारा करना।
- सभी प्रकार के बिलों की तैयारी, सत्यापन, प्रतिबंध और पूर्व–जांच करना।
- **व्यय नियंत्रण रजिस्टर** का रखरखाव करना।
- वित्त और लेखा से संबंधित अभिलेख प्रबंधन।
- प्रभाग और पीएओ में **शीर्षवार व्यय का पुनर्मिलान करना।**
- समीक्षा बैठकों, सम्मेलनों आदि की व्यवस्था करने में सहायता करना।
- सहायक अनुदान संबंधी सभी मामलों का निपटारा करना।
- **सभी अग्रिमों** की निगरानी करना और अग्रिम रजिस्टर का **रखरखाव** करना।
- एनवीएचएमयू में अधिग्रहण से प्राप्त गैर–विस्तार योग्य **परिसंपत्तियों की सूची तैयार करना**।
- **लेखा–परीक्षा** से संबंधित सभी मामले
- कार्यस्थल के दौरों के माध्यम से **पर्यवेक्षण करना** और पहल के तहत राज्य और जिला प्रयोगशालाओं को सुदृढ़ करने के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करना;
- तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के लिए **राज्यों और जिलों की यात्रा करने का इच्छुक** और निर्धारित समय सीमा में कार्यों को पूर्ण करने के लिए एक साथ विभिन्न कार्य करने की योग्यता।
- पहल के लिए समन्वय और इनपुट को शामिल कर राज्यों की **कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) के लिए जिम्मेदार।**
- राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के लिए बजट और वित्तीय योजना तैयार करना।
- पहल के तहत बजट और वित्त के संबंध में **जिला और राज्य स्तर पर क्षमता निर्माण करना।**
- वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य करना।

पात्रता मापदंडः

अनिवार्य योग्यताएं एवं अनुभव

- अधिमानतः सरकार में लेखा के क्षेत्र में न्यूनतम पांच वर्ष के अनुभव सहित एमबीए (वित्त) या पीजीडीबीएम/पीजीडीबीए (वित्त)।

अन्य वांछनीय कौशल

- आम तौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले पैकेजों, जैसे कि एमएस–वर्ड, एक्सेल, पॉवर पाइंट और सुसंगत डेटा एवं दस्तावेजों को तलाशने के लिए वेब सर्फिंग की उच्च स्तरीय जानकारी सहित कंप्यूटर में प्रवीणता।

- उत्कृष्ट संप्रेषण तथा प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक एवं अंतर्वैयक्तिक क्षमताएं, अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल। हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है।

- विविध प्रकार के टीम परिवेश में कार्य करने की प्रदर्शित क्षमता।

- फील्ड स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रम को क्रियान्वित करने का प्रदर्शित अनुभव।

औपचारिक शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और आयु में छूट दी जा सकती है जब उच्च गुणवत्ता का प्रकाशित कार्य हो या जब-कभी विशिष्ट महत्व का कार्य अनुभव हो।

आयु सीमाः विज्ञापन के अनुसार अभ्यर्थियों के लिए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को 45 वर्ष से कम।

पारिश्रमिकः 60,000–90,000/– रु. (साठ हजार से नब्बे हजार रुपये प्रति माह)।

आवेदन करने के लिएः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **23-Nov-2018** तक ncdc.mohfw@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।